# ईरान की धमकी, अमेरिकी जहाज बने निशाने

- अमेरिका के 14-पॉइंट प्रस्ताव पर ईरान ने जवाब टाला
- अमेरिकी ठिकानों और जहाजों पर बड़े हमले की धमकी दी



**तेहरान/वॉशिंगटन, 10 मई. मध्य-पूर्व में तनाव खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है. ईरान की ताकतवर सैन्य इकाई इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका को सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फारस की खाड़ी या होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया, तो उसका जवाब बेहद कठोर होगा.**

आईआरजीसी के नौसेना कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अमेरिकी सैन्य ठिकाने और युद्धपोत ईरान की निगरानी में हैं। पोस्ट में दावा किया गया कि ईरानी सेना किसी भी संभावित कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है. इसके कुछ समय बाद आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स ने भी बयान जारी कर कहा कि उनकी मिसाइलें और ड्रोन पहले से अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर लॉक किए जा चुके हैं. अब केवल अंतिम आदेश का इंतजार है. ईरान के इन बयानों के बाद वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई है, क्योंकि होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में गिना जाता है. दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल इसी रास्ते से गुजरता है. ऐसे में यहां किसी भी सैन्य टकराव का असर सीधे वैश्विक तेल बाजार और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है. वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने ईरान के सामने 14-पॉइंट का एक प्रस्ताव रखा है. माना जा रहा है कि इसमें परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री गतिविधियों से जुड़े मुद्दे शामिल हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि उन्हें शनिवार सुबह तक ईरान की ओर से जवाब मिलने की उम्मीद है. ईरान ने फिलहाल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है. ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा की जा रही है और उचित समय पर जवाब दिया जाएगा. उन्होंने यह भी साफ किया कि ईरान किसी विदेशी समय सीमा को स्वीकार नहीं करता और अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार फैसला करेगा. यदि दोनों देशों के बीच बातचीत विफल होती है, तो खाड़ी क्षेत्र में बड़ा सैन्य संघर्ष भड़कने का खतरा और बढ़ सकता है.

## बालोद में बोर्ड परीक्षा के खराब परिणाम होने पर आठ प्राचार्य निलंबित

**बालोद, 10 मई.** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में बालोद जिले के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है, रविवार को विभाग ने दी। जिले के शैक्षणिक परिणामों की समीक्षा के बाद विभाग ने आठ प्राचार्यों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जबकि 14 अन्य प्राचार्यों की वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है. शिक्षा विभाग की समीक्षा रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि कई विद्यालयों में उत्तीर्ण प्रतिशत मात्र 30 से 47 प्रतिशत के बीच रहा, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया है. परिणामों में गिरावट को लेकर विभाग ने संबंधित विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की जवाबदेही तय करते हुए यह कार्रवाई की है.

# फिट इंडिया संडेज पर जवानों ने चलाई साइकिल



**नई दिल्ली, 10 मई.** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 73वें संस्करण पर आज सुबह सेना, नौसेना, वायुसेना और फिटनेस प्रेमियों नागरिकों ने साइकिल चलाई. रविवार सुबह मशहूर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम को ऑलिव ग्रीन, नेवी व्हाइट और एयर फ़ोर्स ब्लू रंग के जीवंत समंदर में बदल दिया, भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों देश भर में साइकिलिंग मूवमेंट के एक खास आर्म्ड फ़ोर्स-थीम वाले एडिशन में नागरिकों के साथ शामिल हुए.

इस स्पर्धा में 800 से ज़्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें आर्म्ड फ़ोर्सेज़ के 60 प्रतिनिधि शामिल थे. सेना, नौसेना और वायुसेना के 20-2 जवानों के साथ ही एथलीट, फ़िटनेस के शौकीन, स्टूडेंट और परिवार भी शामिल थे. इस शान को और बढ़ाते हुए, इंडियन एयर फ़ोर्स क्रिकेट टीम के लगभग 15 खिलाड़ी भी साइकिलिंग टीम में शामिल हुए, जिससे एक शानदार नज़ारा बन गया जब यूनिफ़ॉर्म पहने लोगों ने दिल्ली की सड़कों पर एक फ़ॉर्मेशन में साइकिल चलाई.

> आर्म्ड फ़ोर्स की कोशिश है कि देश का हर नागरिक लड़ने के लिए फिट रहे लेफ्टिनेंट कर्नल दारा सिंह ने कहा कि हम आज आर्म्ड फ़ोर्स को स्पेशल पार्टनर चुनने के लिए साई को धन्यवाद देते हैं. ऐसे इवेंट नशा मुक्ति और डिसिप्लिन की भावना को मज़बूत करते हैं. जैसे आर्म्ड फ़ोर्स के लोग सुबह जल्दी उठते हैं और एक्टिव रहते हैं, वैसे ही हर नागरिक को एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को फिट रखने के विज़न के मुताबिक है. अंतरराष्ट्रीय पहलवान दीक्षा मलिक ने कहा कि यह हेल्थ के लिए बहुत अच्छा है. हर इंसान, जवान और बूढ़ा, हर जेनरेशन का, इसे करना चाहिए. इसमें मज़ा, एनर्जी और एकता है.

# इजरायली हमलों में 39 लोगों की मौत



**बेरूत, 10 मई. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल द्वारा लेबनान में किए गए भीषण हमलों में 39 लोग मारे गए. मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए.**

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह को निशाना बना रहा था और निर्दोष नागरिकों को हुएनुकसान की रिपोर्टों से अवगत था.अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 16 अप्रैल को इजरायल और लेबनान की सरकारों के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है. इजरायल के अधिकांश हवाई हमले दक्षिणी लेबनान में हुए हैं और आईडीएफ का कहना है कि वह ईरान समर्थित मिलिशिया और राजनीतिक दल हिजबुल्लाह से जुड़ी अवसंरचना और लोगों को निशाना बना रही है।शनिवार को लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएएनए) ने सकसाकियाह सहित पूरे दक्षिण में इजरायली हमलों की सूचना दी।लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में शुरुआती तौर पर सात लोग मारे गए, जिनमें एक लड़की भी शामिल है और 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं. आईडीएफ ने कहा कि उसने इलाके में सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत के अंदर से सक्रिय हिजबुल्लाह आतंकवादियों पर हमला किया। उसने आगे कहा, कि हमले से पहले, नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को यथासंभव कम करने के लिए कदम उठाए गए, जिनमें सटीक गोलाबारी और हवाई निगरानी शामिल हैं।

## ट्रेन यात्रियों को लूटने की बड़ी साजिश नाकाम

**गढ़वा/ छत्तीसगढ़, 10 मई.** गढ़वा पुलिस ने कुख्यात अपराधी ज्ञान प्रकाश तिवारी उर्फ राजन तिवारी और उसके छह साथियों को गिरफ्तार किया है. ये सभी नगवां मुहल्ला में ट्रेन यात्रियों को लूटने की योजना बना रहे थे. पुलिस के अनुसार यह गिरोह ट्रेन यात्रियों को निशाना बनाकर बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था. गिरफ्तारी के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है.

एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि रविवार, 10 मई 2026 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजन तिवारी अपने गिरोह के साथ नगवां मुहल्ला स्थित सरस्वतिया नदी किनारे एक निर्माणाधीन मकान में छिपा हुआ है और किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहा है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के निर्देश पर तत्काल एक विशेष टीम बनाई गई.

# महादेव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुए विष्णुदेव

- सामुदायिक भवन और विकास कार्यों की घोषणा



**रायपुर, 10 मई. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जशपुर प्रवास के दौरान आज विकासखंड कुनकुरी के ग्राम कलिबा में नवनिर्मित कलिबेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की. इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय भी उपस्थित रहीं.**

मुख्यमंत्री ने यज्ञमंडप में हरिनाम संकीर्तन करते हुए परिक्रमा की तथा यज्ञशाला में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की. उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण क्षेत्र की आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है. उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति सेवा, सद्भाव, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देती है. मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक सकारात्मकता और सामूहिक ऊर्जा का संचार करते हैं.

> मुख्यमंत्री ने ग्राम कलिबा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की घोषणा की. साथ ही हनुमान टेकरी में सामुदायिक भवन तथा सूर्य नमस्कार की मुद्राओं की प्रतिकृति निर्माण की भी घोषणा की. उन्होंने अपने 28 माह के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को तेजी से लागू किया है. उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 27वीं किस्त में 17 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की जा चुकी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 42 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराया गया है.

## हंगरी के नए प्रधानमंत्री बने पीटर माग्यार, संसद में शपथ ली



**बड़ापेस्ट/ हंगरी, 10 मई. पीटर मैग्यार ने हंगरी के शनिवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली. नई संसद के उद्घाटन सत्र में हुए मतदान में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने देश में व्यवस्था बदलने का संकल्प लिया.**

199 सदस्यीय संसद में 195 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 140 ने उनके पक्ष में, 54 ने विरोध में और एक सदस्य ने मतदान से दूरी बनाई. माग्यार ने बहुमत हासिल कर प्रधानमंत्री पद के लिए आवश्यक समर्थन प्राप्त किया और उनके चार वर्षीय कार्यकाल की औपचारिक शुरुआत हो गई. अपने शपथ ग्रहण भाषण में माग्यार ने कहा कि नई सरकार को केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था बदलने का जनादेश मिला है. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश पर शासन नहीं करेगी, बल्कि लोगों की सेवा करेगी. उन्होंने राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक सुधार और मेल-मिलाप पर जोर दिया.

# कोर्ट ने खरात को 14 दिन की कस्टडी में भेजा

- ईडी की जांच में सामने आए मंत्रियों-विधायकों से कनेक्शन
- 13 केस, 8 सेक्शुअल हैरेसमेंट और 4 धोखाधड़ी के मामले



**शिरडी, 10 मई.महाराष्ट्र में स्वयंभू बाबा अशोक खरात पर लगातार आरोपों का सिलसिला बढ़ता जा रहा है. खरात के खिलाफ 13 केस दर्ज हैं, जिनमें 8 सेक्शुअल हैरेसमेंट, 4 आर्थिक धोखाधड़ी और 1 मनी लॉन्ड्रिंग का मामला शामिल है.**

आरोपों की पूरी फेहरिस्त में 58 अश्लील वीडियो, 150 पीड़ित महिलाएं, 100 फर्जी बैंक खाते और लगभग 1500 करोड़ की संपत्ति शामिल है. खरात का दावा है कि उसने महिलाओं के साथ संबंध उनके सहमति से बनाए, और उसने यह सब दैवीय शक्तियों और ज्योतिष विद्या के नाम पर किया. हालांकि, जांच एजेंसियों का मानना है कि खरात महिलाओं को नशीली दवा या अन्य तरीकों से लाभ उठाता था. शिरडी पुलिस ने 4 मई को धोखाधड़ी के मामले में खरात को हिरासत में लिया और 9 मई को कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने उसे 14 दिन की कस्टडी में भेजा. मामले की गंभीरता और बढ़ी जब केस का अहम गवाह जितेंद्र शेलके सड़क हादसे में 17 अप्रैल को मृत पाए गए. शेलके खरात के ट्रस्ट के उपाध्यक्ष थे और श्रष्ठ ने उनसे तीन दिन पहले पूछताछ की थी. सोशल एक्टिविस्ट अंजलि दमानिया ने दावा किया कि शेलके का गवाह होना इस केस की कड़ी और मजबूत करता था. उनकी मौत पर संदेह जताया जा रहा है, क्योंकि हादसे की वीडियो फुटेज में उनकी कार पूरी तरह खाली रास्ते में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई.

### आज का इतिहास

1752-अमेरिका के फिलाडेल्फिया में अग्नि बीमा पालिसी की शुरुआत.

1857-प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय सैनिकों ने दिल्ली पर कब्जा किया.

1784 -टीपू सुल्तान और ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच मंगलौर की संधि पर हस्ताक्षर.

1833- अमेरिका से क्यूबेक जा रहे जहाज लेडी ऑफ द लेक के हिमखंड से टकराकर अटलांटिक महासागर में डूबने से 215 लोगों की मौत.

# रविशंकर ने पीएम मोदी को बताया देश का अमूल्य पुत्र

- आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी



**बेंगलुरु, 10 मई. बेंगलुरु में आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग के भव्य समारोह में आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव रविशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के अमूल्य और श्रेष्ठ पुत्र हैं और भारत को उनके नेतृत्व पर गर्व होना चाहिए.**

आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में देश और विदेश से हजारों लोग शामिल हुए. अपने संबोधन के दौरान रविशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, उनकी कार्यशैली और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की संस्कृति, योग, आध्यात्मिक विरासत और विकास मॉडल को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई है.

# अब इलेक्ट्रिशियन बनने की राह पर महिलाएं

- आर-सेटी बिलासपुर में 20 महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**रायपुर, 10 मई. पुरुषों के वर्चस्व वाले माने जाने वाले इलेक्ट्रिशियन कार्यक्षेत्र में अब छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएं भी अपनी मजबूत पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं.**

इसी क्रम में प्रदेश के बिलासपुर जिले के कोनी स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) में विभिन्न गांवों की 20 महिलाओं को वायरिंग, स्विच बोर्ड सुधार एवं विद्युत उपकरणों की मरम्मत का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद ये महिलाएं आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की नई राह पर आगे बढ़ने को तैयार हैं.

महिलाओं के सशक्तीकरण के उद्देश्य से आर-सेटी बिलासपुर में इस वर्ष पहली बार इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है. इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को पारंपरिक रोजगार क्षेत्रों से आगे बढ़ाकर तकनीकी और गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं.

> प्रशिक्षकों ने उन्हें वायरिंग, स्विच बोर्ड सुधार, घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत, सुरक्षा उपायों और तकनीकी पहलुओं की सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी. अब वे आत्मविश्वास के साथ घरेलू विद्युत समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं और भविष्य में इसी कौशल के आधार पर आय अर्जित करने की योजना बना रही हैं. मस्तूरी क्षेत्र की डोमगांव निवासी एक अन्य प्रशिक्षु, जो पूर्व से ही निजी कंपनी में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत है, ने बताया कि प्रशिक्षण से उनके तकनीकी ज्ञान और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है.

## टीवीके सरकार बनने पर खरगे ने दी बधाई

**नई दिल्ली, 10 मई.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तमिलनाडु में थलापति विजय के मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण करने पर उन्हें, तमिलगा वेत्री कझगम और पूरे प्रगतिशील गठबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. श्री खरगे ने रविवार को अपने संदेश में कहा कि इस सरकार का गठन आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और तर्कशील विचारधारा की स्थायी ताकत को फिर से स्थापित करता है. उन्होंने कहा कि ये वही मूल्य हैं जिन्होंने लंबे समय से तमिलनाडु की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को परिभाषित किया है.

# श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा ने विजय को दी बधाई

**कोलोंबो/ श्री लंका, 10 मई. तमिल वेत्री कझगम के प्रमुख सी जोसेफ विजय ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की. इस मौके पर श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को एक्टर और टीवीके प्रमुख विजय को बधाई दी.**

उन्होंने कहा कि वह और भी करीबी संबंध और मजबूत साझेदारी बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं.श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, सी. जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने पर बधाई. श्रीलंका और तमिलनाडु इतिहास, उद्योग और पीढ़ियों से लोगों के बीच लंबे समय तक चलने वाले संबंधों से जुड़े हुए हैं. उन्होंने आगे हमारे भविष्य में बहुत ज्यादा आर्थिक उम्मीदें और अवसर हैं, क्योंकि श्रीलंका और भारत लगातार करीबी संबंध और एक मजबूत साझेदार बना रहे हैं.

# बंगाल पुलिस ने ममता को अनफॉलो किया



**कोलकाता, 10 मई. पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के साथ ही राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में तेज बदलाव देखने को मिल रहे हैं. 15 वर्षों तक लगातार शासन करने वाली तृणमूल कांग्रेस की हार और बीजेपी की ऐतिहासिक जीत ने राज्य की राजनीति की दिशा बदल दी है.**

शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बंगाल में नई सत्ता का दौर शुरू हो गया है, लेकिन इस बदलाव के संकेत चुनाव नतीजों के तुरंत बाद ही दिखाई देने लगे थे. सबसे पहले राज्य सरकार द्वारा ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को दी गई अतिरिक्त सुरक्षा वापस लिए जाने की चर्चा तेज हुई.

संबंधों को मजबूती

पर्यटन और आयुर्वेद में भारत-त्रिनिदाद सहयोग को नई दिशा

# जयशंकर ने त्रिनिदाद में आठ समझौतों पर किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली/पोर्ट ऑफ स्पेन, 10 मई. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान आठ महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को नयी मजबूती दी.**

इस दौरान कृत्रिम अंग केंद्र का उद्घाटन, स्कूली बच्चों को 2,000 लैपटॉप वितरण और कैरेबियाई क्षेत्र में भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक उपस्थिति को और गहरा करने की दिशा में कई पहलें की गईं. जयशंकर का पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने पर त्रिनिदाद एवं टोबैगो के विदेश एवं कैरिकॉम मामलों के मंत्री सीन सोबर्स ने औपचारिक स्वागत किया. इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर से व्यापक बातचीत की. दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न आयामों की समीक्षा की और उन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जहां दोनों देशों के हित समान हैं. यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जुलाई 2025 में हुई ऐतिहासिक त्रिनिदाद यात्रा के बाद हुई, जो इस द्वीप पर कई दशकों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी. जयशंकर की यात्रा को उन घोषणाओं और वादों को अमली जामा पहनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है. उन्होंने भारतीय मूल के प्रवासी समुदाय को दोनों देशों के रिश्तों की

### राष्ट्रीय कृत्रिम अंग केंद्र का किया उद्घाटन

इस यात्रा का मुख्य आकर्षण आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर रहा. इनमें पर्यटन, विदेश मंत्रालय भवन के सोलराइजेशन, वेक्टर नियंत्रण, नेल्सन द्वीप के बुनियादी ढांचे के उन्नयन और यूनिवर्सिटी ऑफ द वेस्ट इंडीज में आयुर्वेद चेयर स्थापित करने जैसे समझौते शामिल हैं. स्वास्थ्य क्षेत्र में दोनों देशों ने सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई. प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर और जयशंकर ने संयुक्त रूप से पेनल में राष्ट्रीय कृत्रिम अंग केंद्र का उद्घाटन किया. यह पहल प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित 'जयपुर फुट' कृत्रिम अंग शिविर कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसके तहत 800 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गयी. जयशंकर ने भारतीय सहायता से शुरू की गई तकनीकी पहल के तहत स्कूली बच्चों को 2,000 लैपटॉप की पहली खेप सौंपी. इसके साथ ही कूवा में भारत की मदद से निर्मित एग्रो-प्रोसेसिंग सुविधा का उद्घाटन भी किया. दोनों देशों ने आधारभूत संरचना, साइबर सुरक्षा, फॉरेंसिक, डिजिटल, जन आधारभूत ढांचा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई.

# सम्राट सरकार का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल!

- 16 आईपीएस और 12आईएएस के तबादले



**पटना, 10 मई. बिहार सरकार ने रविवार को प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 16 वरिष्ठ आईपीएस और 12 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस बड़े फेरबदल के बाद राज्य की नौकरशाही में हलचल तेज हो गई है. सरकार के इस फैसले को आने वाले राजनीतिक और प्रशासनिक समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है.**

इस फेरबदल में सबसे चर्चित नाम आईपीएस अधिकारी विकास वैभव का है. उन्हें फील्ड में वापसी कराते हुए मगध रेंज का नया आईजी नियुक्त किया गया है. लंबे समय से प्रशासनिक हलकों में उनकी नई पोस्टिंग को लेकर चर्चाएं चल रही थीं. वहीं आर्थिक अपराध इकाई में भी बड़ा बदलाव किया गया है. नैयर हसनैन को वहां से हटाकर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है. अब इओयू की जिम्मेदारी अमित जैन संभालेंगे.

सरकार के इस फैसले का राजनीतिक असर भी देखने को मिल रहा है. मुख्यमंत्री कार्यालय से नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले 2005 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार रवि और चंद्रशेखर को हटाया गया है. कुमार रवि को स्वास्थ्य विभाग का सचिव बनाया गया है. इस कदम को सत्ता के भीतर बदलती प्राथमिकताओं और प्रशासनिक पुनर्गठन के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है. इसके अलावा 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनंद किशोर को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से हटाया गया है. वह बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे.